अति आवश्यक

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान जयपुर

क्रमांक एफ.19( )2019/कार्मिक–राज/प्रमुवसं/444-594 दिनांक 21-1-2019

निमित्

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक/
प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कार्य आयोजना एवं
वन बन्दोबस्त/टी.आर.ई.ई., राजस्थान जयपुर।
अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक............................
मुख्यं वन संरक्षक, समस्त
उप वन संरक्षक, समस्त

विषयः–विभाग में "Voter Awareness Forum (VAFs) की स्थापना के संबंध में।
संदर्भः–मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, राजस्थान सरकार का अ.शा. पत्र क्रमांक एफ 4 (3) (3)SVEEP/Elec./ELC/2018 दिनांक 08.01.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित अ.शा. पत्र के द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में आगामी चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से "Voter Awareness Forum (VAFs)" गठित करने का निर्णय लिया है। यह फोरम राजकीय विभागों/स्वयं सेवी संस्थाओं/अन्य विभागों तथा स्कूल एवं विद्यालयों के स्तर पर गठित किया जावेगा तथा फोरम द्वारा निम्न दायित्वों का निर्वहन किया जायेगा :–

(i) फोरम के तहत सरकारी, गैर सरकारी, कार्पोरेट आफिसेज में नोडल अधिकारी द्वारा अनौपचारिक माहौल में ''निर्वाचन प्रक्रिया'' और मतदान के प्रति जागरूकता लाने जैसे प्रयास किये जाएगें।

(ii) नोडल आफिसर संस्थाओं/विभागों में ज्यादा से ज्यादा ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराये ताकि मतदाताओं को निर्वाचन प्रणाली के बारे में दिलचस्पी बनी रहे।

(iii) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभाग में मतदान के प्रति माहौल बनाने और कार्मिको को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उन्हें निर्वाचन प्रणाली से जोड़ना है। इस कार्यक्रम के सम्बन्ध में आयोग का मुख्य ध्येय है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान करने से न छूटे।

निर्वाचन विभाग द्वारा इस कार्यालय अधीन ''वोटर अवेयरनेस फोरम'' के गठन हेतु नामांकित नोडल अधिकारी को दिये गये निर्देशों की अनुपालना आपके तथा अधीनस्थ कार्यालयों (क्षेत्रीय वन अधिकारी के स्तर तक) निम्नानुसार अपेक्षित है :–

(i) विभाग अधीन एवं समस्त अधीनस्थ मुख्य वन संरक्षक/उप वन संरक्षक/सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय कार्यालय स्तरो पर मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु समस्त वन कार्मियो/वन सुरक्षा प्रबध समितियों/पारिस्थितिक विकास समितियों के सदस्यो को शपथ दिलाकर आमजन में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना।

(ii) अरण्य भवन स्थित रिसैप्शन हॉल में मुख्यालय पर तथा अधीनस्थ कार्यालयों के मुख्यालयों पर पदस्थापित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 25 जनवरी 2019 को प्रातः 11.00 बजे संलग्नानुसार शपथ दिलाया जाना तथा अधिक से अधिक मतदान योग्य मतदाताओं में मतदान के प्रति जागृति उत्पन्न करना।

कृपया उक्तानुसार शपथ समारोह तथा निम्नतम स्तर तक मतदाताओं में जागृति उत्पन्न करने की दृष्टि से आमजन को ग्राम्य वन सुरक्षा एवं प्रबंध समितियों के माध्यम से अभिप्रेरित कर प्रगति से इस कार्यालय अधीन नोडल अधिकारी, उप वन संरक्षक (राजपत्रित–संस्थापन) को प्रगति से अवगत कराते हुए प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ्स नोडल अधिकारी के मेल kumar_swami_gupta@yahoo.com पर प्रेषित करे। ग्रहण की जाने वाली शपथ का प्रारूप संलग्न है :

संलग्नःउपरोक्तानुसार

भवदीय,

(दीपक भटनागर)
अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन)
राजस्थान जयपुर

क्रमांकः एफ.19 ( )2019/कार्मिक–राज/प्रमुवसं/ दिनांक

1. प्रतिलिपि मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, राजस्थान जयपुर को को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. प्रतिलिपि उप वन संरक्षक, सूचना प्रोद्योगिकी, जयपुर को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु मय ग्रहण की जाने वाली शपथ का प्रारूप सहित संलग्न प्रेषित है :–

(कुमार स्वामी गुप्ता)
उप वन संरक्षक (संस्थापन),
जयपुर

मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"।